
वर्ष 5 अंक 166
पृष्ठ 12
धनबाद, बुधवार
21 दिसंबर 2016
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार



पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी आमिर की दंगल 11

ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने की अंतिम लड़ाई भी जीती 9

www.jagran.com पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



# लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की जरूरत

## छात्रों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषयक नाटक का मंचन किया

**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में छात्रों ने कई सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जो आकर्षण का केंद्र था। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के आइएसपी इकाई के उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) सौगत राय, स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रतीक गोयनका, प्राचार्य आरडी शर्मा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान डीआइजी सौगत राय ने स्कूल की प्रशंसा की एवं कहा कि छात्रों को वर्तमान समय में लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की जरूरत है, तभी जीवन में उन्हें सफलता मिलेगी। मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य व नाटकों का मनमोहक प्रदर्शन किया। नन्हें बच्चों के नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने देश के ज्वलंत समस्याओं पर भी प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर नाटक का मंचन किया।




रंगारं कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं व मंचासीन अतिथि। जागरण

इसके अलावा हिंदी नाटक वट वृक्ष के माध्यम से बच्चों ने बुजुर्गों की स्थिति को दर्शाया एवं उनकी सेवा की प्रेरणा दी। मौके पर काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुती का आनंद उठाया।